पूर्व लोक सभा अध्यक्ष, डॉ बलराम जाखड़ की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए

नई दिल्ली, 23 अगस्त 2023: लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. बलराम जाखड़ की जयंती के अवसर पर आज संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

संसद सदस्यों ; पूर्व सदस्यों; राज्य सभा के महासचिव, श्री पी.सी.मोदी; तथा लोक सभा और राज्य सभा सचिवालयों के अधिकारियों ने डॉ. जाखड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ. बलराम जाखड़ 22 जनवरी 1980 को सातवीं लोकसभा के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए और 15 जनवरी 1985 तक इस पद पर रहे। 16 जनवरी 1985 को उन्हें आठवीं लोकसभा के अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से पुनःनिर्वाचित किया गया और वे पूरे कार्यकाल अर्थात 18 दिसंबर 1989 तक इस पद पर बने रहे।

डॉ. जाखड़ को स्वतंत्र भारत में एकमात्र ऐसे लोक सभा अध्यक्ष होने का अनूठा गौरव प्राप्त है, जिन्होंने लगातार दो लोक सभाओं के पूर्ण कार्यकाल में सभा की अध्यक्षता की। कृषक परिवार से सम्बद्ध डॉ जाखड़ ने 1991 से 1996 तक दसवीं लोक सभा के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री के रूप में भी कार्य किया। डॉ. जाखड़ का निधन 3 फरवरी 2016 को हुआ।

डॉ. बलराम जाखड़ के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी द्वारा 10 फरवरी, 2014 को किया गया था।